न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गिर्वा, उदयपुर (राज.)
पीठासीन अधिकारी रिया डाबी, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या : 32/2022 प्रार्थना पत्र

श्री प्रभुलाल गुर्जर पिता नाथुलाल गुर्जर उम्र वयस्क निवासी 04, अरिहन्त विला, टेक्नो सर्विस सेन्टर के पीछे, गोवर्धन विलास, उदयपुर (राज.)

प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार महोदय, गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)

विपक्षी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251–क राजस्थान काश्तकारी अधिनियम
श्री खेमराज डांगी अधिवक्ता प्रार्थी एवं
पैरोकार सरकार कल्पित जैन उपस्थित

निर्णय

दिनांक : 14.02.2024

प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 का प्रस्तुत कर अंकित किया कि राजस्व ग्राम भैसड़ा कला पटवार हल्का भैसड़ा कला के आराजी संख्या 3740 रकबा 0.1000 हैक्टेयर भूमि वर्तमान राजस्व रेकार्ड में बिलानाम भूमि दर्ज है। उक्त भूमि के पास प्रार्थी की जमीन स्थित है प्रार्थी व अन्य लोगों के भूमि पर आने जाने का एकमात्र रास्ता आराजी संख्या 3740 से ही है उक्त आराजी की भूमि मुख्य सड़क से प्रार्थी की जमीन तक होकर उस पर काफी समय से आने जाने का रास्ता बना हुआ है। उक्त जमीन पर अन्य लोग अवैध रूप से अतिक्रमण करने पर उतारू है तथा प्रार्थी के अपनी जमीन में आने जाने हेतु व्यवधान उत्पन्न करते है। अतः प्रार्थना पत्र की कलम संख्या 1 में वर्णित आराजी संख्या 3740 रकबा 0.1000 हैक्टेयर की भूमि को रास्ते की भूमि दर्ज करने का आदेश फरमावें।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर रास्ते का प्रकरण होने से तहसीलदार कुराबड़ से रास्ते के सबंध में रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार कुराबड़ द्वारा पत्र क्रमांकः राजस्व/2024/50 दिनांक 10.01.2024 से प्रस्तुत कर अंकित किया कि ग्राम भेसड़ाकला के खसरा संख्या 4536/3739 रकबा 0.1000 किस्म आवासीय, 4877/3726 रकबा 0.0700 किस्म आवासीय, 4887/4537 रकबा 0.0800 किस्म आवासीय कुल किता 3 रकबा 0.2500 हैक्टेयर खातेदार प्रभुलाल पुत्र नाथुलाल गुर्जर जाति गुर्जर हिस्सा पुर्ण सा. बलीचा बाईपास, गोवर्धन विलास उदयपुर खातेदार के नाम दर्ज है। [illegible]रा ग्राम भेसड़ा कला के खसरा नम्बर 3740 रकबा 0.1000 हैक्टेयर भूमि [illegible] 251ए के तहत अपनी खातेदारी भूमि तक जाने हेतु रास्ता चाहा गया है। आराजी नम्बर 3740 रकबा

Signature Not Verified
Digitally signed by Ria Dabi
Date: 2024.05.25 13:47:48 IST
Reason: SelfAttested

0.1000 हैक्टेयर किस्म मगरी भूमि ग्राम भैसड़ा कला की जमाबंदी संवत 2074—77 के खाता संख्या 01 में बिलानाम गैर काबिल काश्त दर्ज है। ग्राम भैसड़ा के आराजी नम्बर 3740 की उत्तर एवं पूर्वी सीमा पर स्थित भूमि ग्राम भैसड़ाकला की आबादी भूमि दर्ज है। जिस पर सघन बादी बसी है। इस कारण आराजी नम्बर 3740 के उत्तरी एवं पूर्वी छोर से किसी प्रकार का निकास सम्भव नहीं है। आराजी नम्बर 3740 रकबा 0.1000 हैक्टेयर किस्म मगरी के पूर्व में परिवादी की खातेदारी अकृषि भूमि स्थित है। परिवादी की खातेदारी भूमि दक्षिण पूर्व छोर पर एवं आराजी नम्बर 3740 के दक्षिण छोर पर अन्य खातेदारों की निजी कृषि भूमि स्थित है। मौके एवं राजस्व रिकार्ड अनुसार आराजी नम्बर 3740 रकबा 0.1000 हैक्टेयर किस्म मगरी से परिवादी को रास्ते दिये जाने पर उक्त रास्ते का किसी अन्य सड़क या मार्ग से जुड़ाव नही हो सकता है। अतः आराजी नम्बर 3740 से रास्ता दिया जाना प्रस्तावित नहीं किया जा सकता है।

तहसीलदार कुराबड़ से रिपोर्ट प्राप्त होने पर उभयपक्ष अधिवक्तागण की बहस सुनी गई। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा अपने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराया गया। पैरोकार सरकार द्वारा तर्क किया गया कि तहसीलदार रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी द्वारा आराजी संख्या 3740 से रास्ता नहीं दिया जा सकता है। अतः प्रार्थना पत्र खारिज फरमाया जावे।

उभयपक्ष अधिवक्तागण की बहस सुनी गई। पत्रावली एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन कर अध्ययन किया गया। तहसीलदार गिर्वा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट अनुसार ग्राम भैसड़ा कला की आराजी संख्या 3740 की उत्तर एवं पूर्वी सीमा पर स्थित भूमि ग्राम भैसड़ा कला की आबादी भूमि दर्ज है। जिस पर सघन बादी बसी है। इस कारण आराजी नम्बर 3740 के उत्तरी एवं पूर्वी छोर से किसी प्रकार का निकास सम्भव नहीं है तथा आराजी संख्या 3740 रकबा 0.1000 हैक्टेयर भूमि के पूर्व में प्रार्थी की खातेदारी की अकृषि भूमि स्थित है तथा आराजी संख्या 3740 रकबा 0.1000 हैक्टेयर से प्रार्थी को रास्ता दिए जाने पर उक्त रास्ते का किसी अन्य सड़क या मार्ग से जुड़ाव नहीं हो सकता

उपखण्ड अधिकारी गिर्वा

अतः तहसीलदार गिर्वा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी को आराजी संख्या 3740 रकबा 0.1000 हैक्टेयर में से रास्ता दिए जाने से उसका किसी सड़क अथवा मार्ग से जुड़ाव नहीं होने से [illegible] की प्रार्थना पत्र इसी स्तर पर खारिज किया जाता है।

निर्णय सरेइजलास सुना[illegible] शुमार होकर नम्बर से कम हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Ria Dabi
Date: 2024.05.25 13:47:48 IST
Reason: SelfAttested

(रिया डाबी)
आई.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी
गिर्वा—उदयपुर